# जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक/स्टोर/24/585 दिनांक 12/3/24

<u>पेट्रोल/डीजल/ऑयल की आपूर्ति हेतु प्रस्ताव आमंत्रण सूचना</u>

विश्वविद्यालय अपने वाहनों हेतु डीजल, पेट्रोल व लुब्रीकेन्ट्स प्रदाय हेतु इच्छुक स्थानीय पेट्रोल पम्प संचालकों से अनुबंध के आधार पर मुहरबन्द प्रस्ताव आमंत्रित करता है। पम्प संचालक जो एक माह की क्रेडिट पर पेट्रोलियम उत्पाद आपूर्ति के इच्छुक हों, आवश्यक शर्तों के साथ अपना प्रस्ताव दिनांक 8/4/24 तक कुलसचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर के नाम मुहरबन्द लिफाफे के ऊपर " पेट्रोलियम उत्पाद आपूर्ति हेतु दर संबंधित प्रस्ताव " अंकित कर स्पीड पोस्ट/पंजीकृत पोस्ट से भेज सकते है। इस कार्य हेतु प्रस्ताव आवेदन प्रपत्र जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर के वेबसाइट **www.jiwaji.edu** के टेन्डर सेक्शन पर उपलब्ध है।

कुलसचिव

# जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

## पेट्रोल/डीजल/ऑयल की आपूर्ति हेतु प्रस्ताव आवेदन प्रपत्र
## आवेदन प्रपत्र की सामान्य शर्ते
## (इसे लिफाफे 2 में रखा जाय जिसके ऊपर टेक्नीकल बिड लिखा हो)

1. यह प्रस्ताव विश्वविद्यालय के अधीन संचालित विभिन्न वाहनों के पेट्रोल/डीजल/ऑयल के अनुबंध के आधार पर आपूर्ति हेतु आमंत्रित की गई है। जिसकी मात्रा प्रति वाहन आवश्यकतानुसार समय–समय पर बताया जायेगा।

2. विश्वविद्यालय के अधीन संचालित समस्त वाहनों की सूची सफल निविदाकर्ता को प्रदान कर दी जावेगी।

3. यह प्रस्ताव आवेदन प्रपत्र अमूल्यांकित (**Un-Priced**) है।

4. पूरी तरह से भरा हुआ प्रस्ताव आवेदन पत्र विश्वविद्यालय कार्यालय में अंतिम तिथि 08.04.2024 समय 5:30 बजे तक अनिवार्यतः प्राप्त हो जाना चाहिये। प्राप्त प्रस्ताव आवेदन पत्रो को दिनांक 16.04.2024 समय 3:00 बजे उपस्थित प्रस्ताव आवेदको के समक्ष खोली जावेगी।

5. प्रस्ताव के साथ फर्म के एसेसमेन्ट वर्ष 2021–2022, 2022–2023 एवं 2023–24 के इन्कम टैक्स रिटर्न की प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

6. प्रस्ताव के साथ फर्म के वित्तीय वर्ष 2020–2021, 2021–2022 एवं 2022–23 के ऑडिटेड वित्तीय स्टेटमेन्ट की प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

7. फर्म के पास सम्बंधित विभाग द्वारा जारी किया गया **MP VAT/PAN/GST** नम्बर का होना आवश्यक है। इसकी प्रति प्रस्ताव के साथ संलग्न करें।

8. विश्वविद्यालय द्वारा पेट्रोल/डीजल/ऑयल की आपूर्ति के लिये किसी भी प्रकार का अग्रिम भुगतान देय नही होगा।

9. विश्वविद्यालय के अधीन संचालित वाहनों के उपयोग हेतु प्रदाय किये गये पेट्रोल/डीजल/ऑयल का भुगतान प्रतिमाह बिल जमा करने के बाद 30 दिवस के अन्दर किया जावेगा।

10. विश्वविद्यालय के अधीन संचालित वाहनों में उपयोग हेतु प्रदाय किये गये पेट्रोल/डीजल/ऑयल भरवाने वाले विश्वविद्यालय के अधिकृत कर्मचारी को रसीद एक प्रति देय होगा जो कि उसके द्वारा

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर
नाम ..................................
सील ..................................

विश्वविद्यालय में जमा किया जायेगा। इस रसीद की दूसरी प्रति मासिक बिल के साथ जमा करना होगा। जिसके आधार पर भुगतान किया जाएगा।

11. प्रस्तावको द्वारा विश्वविद्यालय से पेट्रोल पम्प की दूरी का उल्लेख (किलो मीटर में) प्रस्ताव में आवश्यक रूप से किया जावे।
12. प्रस्तावको द्वारा अन्य सुविधा जैसे वाहनों में निशुल्क हवा निशुल्क वाहन धुलाई वर्ष में एक बार नाइट्रोजन की सुविधा आदि का उल्लेख करना होगा। ज्यादा सुविधा देने वाले को प्राथमिकता दी जावेगी।

13. प्रस्तावको द्वारा वाहनो के पेट्रोल/डीजल/ऑयल की आपूर्ति बावत् प्रति लीटर दिये जाने वाले प्रतिशत छूट का उल्लेख प्रस्ताव में आवश्यक रूप से किया जावे।

14. मुहरबन्द प्रस्ताव दो लिफाफा पद्धति के अनुसार प्राप्त की जावेगी। दोनों मुहरबन्द लिफाफे एक बडे लिफाफे में रख कर मुहरबन्द किया जावेगे। इस बडे मुहरबन्द लिफाफे के ऊपर " पेट्रोलियम उत्पाद आपूर्ति हेतु दरें " स्वच्छ अक्षरो में अंकित किया जावे।

    मुहरबन्द लिफाफा 01 :– प्रस्ताव के टेक्नीकल बिड से संबंधित भाग–**A** प्रस्ताव की हस्ताक्षरित सामान्य शर्ते रहेगी। इसके ऊपर " लिफाफा – 01 टेक्नीकल बिड अंकित किया जावे।

    मुहरबन्द लिफाफा 02 :– प्रस्ताव के कॉमर्शियल बिड से संबंधित भाग –**B** रहेगा। इसके ऊपर " लिफाफा – 02 कॉमर्शियल बिड " अंकित किया जावे।

15. टेक्नीकल बिड लिफाफा – 01 में निम्नानुसार अभिलेख संलग्न किया जावेगा :–

    **A.** प्रस्ताव के सामान्य शर्तो के आवेदन प्रपत्र क्रमांक 2 से 04 तक प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर व सील एवं फार्म पार्ट **A** पूरी तरह से भरा हुआ व हस्ताक्षर व सील सहित।

    **B.** फर्म का शॉप एक्ट या अन्य लागू अधिनियम अनुसार पंजीयन क्रमांक (कृपया पंजीयन की प्रति संलग्न करें।)

    **C.** वाणिज्य कर विभाग द्वारा जारी किया गया **MP VAT/CST/TIN/GST** नम्बर का होना आवश्यक है। (प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न करें)

    **D.** फर्म का आयकर परमानेन्ट एकाउन्ट नम्बर **PAN** नम्बर (**PAN** कार्ड की प्रति संलग्न करें।)

    **E.** फर्म के असेसमेन्ट वर्ष 2021–2022, 2022–2023 एवं 2023–24 के इन्कम टैक्स रिटर्न की छायाप्रति संलग्न करें।

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर
नाम ...............................
सील ...............................

F. फर्म के वित्तीय वर्ष 2020–2021, 2021–2022 एवं 2023–24 के ऑडिटेड वित्तीय स्टेटमेन्ट की छायाप्रति संलग्न करें।

16. कॉमर्शियल बिड लिफाफा 2 में प्रस्तावको द्वारा पेट्रोलियम उत्पाद प्रति लीटर दर आवेदन प्रपत्र के पार्ट B में अंकित की जावेगी। यही पर प्रस्तावको द्वारा आपूर्ति बावत् प्रति लीटर दिये जाने वाले छूट का भी उल्लेख आवश्यक रूप से किया जाये। प्रस्तावको द्वारा प्रस्तुत दरें अंकों एवं शब्दों में अंकित की जावेगी। इसी बिड में विश्वविद्यालय से पेट्रोल पम्प की दूरी का भी उल्लेख किया जाना है। इसके अतिरिक्त अन्य निशुल्क दी जाने वाली सुविधाओं का भी उल्लेख करना होगा।

17. कॉमर्शियल बिड (लिफाफा–02) केवल उन्ही प्रस्तावको का खोला जायगा जो कि लिफाफा 01 टेक्नीकल बिड के प्रस्ताव की शर्तो के अनुसार तकनीकी रूप से योग्य पाये जायेगे।

18. सफल प्रस्ताव को समय–समय पर विश्वविद्यालय के अद्यीन संचालित वाहनों हेतु पेट्रोल/डीजल/ऑयल की आपूर्ति करनी होगी।

19. सफल प्रस्ताव को विश्वविद्यालय द्वारा क्रय आदेश जारी किया जायेगा।

20. सफल प्रस्ताव द्वारा पेट्रोल/डीजल/ऑयल की आपूर्ति की सवलेटिंग करना अथवा तीसरी पार्टी से आपूर्ति करवाना प्रतिवन्धित है।

21. कुलसचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर को प्राप्त हुये किसी प्रस्ताव एवं समस्त प्रस्तावो को बिना किसी कारण को बताये हुये स्वीकार करने अथवा अस्वीकार करने का अधिकार होगा।

22. किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में अंतिम निर्णय कुलपति, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर का होगा।

23. न्यायालीन विवाद की स्थिति में प्रकरण ग्वालियर न्यायालय के क्षेत्राधिकार में रहेगा।

24. यह प्रस्ताव आवेदन पत्र (प्रस्ताव आमंत्रण सूचना सहित) कुल ..... पृष्ठीय है।

कुलसचिव
जीवाजी विश्वविद्यालय,
ग्वालियर

मेरे द्वारा उपरोक्त समस्त शर्तो को पढ़ लिया गया है एवं मै. उन शर्तो के परिपालन हेतु अपनी सहमति देता हूँ।

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर
नाम ................................
सील ................................

# जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

## पेट्रोल/डीजल/ऑयल की आपूर्ति हेतु फर्म का आवश्यक विवरण।

**पार्ट–A (Technical Bid)**

(इसे लिफाफा 01 में रखा जाये जिसके ऊपर टेक्नीकल बिड लिखा हो)

| | | |
|---|---|---|
| 1. | फर्म का नाम | : ........................................................................................ |
| 2. | प्रोपराइटर का नाम | : ........................................................................................ |
| 3. | फर्म का पता | : ........................................................................................ |
| 4. | फर्म का शॉप एक्ट या अन्य लागू अधिनियम अनुसार पंजीयन क्रमांक (कृपया प्रमाणपत्र की प्रति संलग्न करें) | : ........................................................................................ |
| 5. | वणिज्य कर विभाग में GST/TIN/ TIN पंजीयन क्रमांक (कृपया प्रमाणपत्र की प्रति संलग्न करें) | : ........................................................................................ |
| 6. | फर्म का आयकर परमानेन्ट एकाउन्ट नं. – PAN क्रमांक (कृपया प्रमाणपत्र की प्रति संलग्न करें) | : ........................................................................................ |
| 7. | एसेसमेन्ट वर्ष 2021–22, 2022–23 एवं 2023–24 के इन्कम टैक्स रिटर्न की प्रति संलग्न की जा रही है। | : .............. हॉ/नही ................................................... |
| 8. | वित्तीय वर्ष 2020–21, 2021–22 एवं एवं 2022–23 के ऑडिटेड वित्तीय स्टेटमेन्ट की छाया प्रति संलग्न करें। | : .............. हॉ/नही ................................................... |
| 9. | फर्म के प्रतिनिधि का नाम एवं टेलीफोन नं. जिनसे कार्य की प्रगति के बारे में जानकारी हेतु संपर्क किया जा सके। | : ........................................................................................ |

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर

नाम ..................................

सील ................................

**10. फर्म के कार्यालय का फोन नं. : ..........................................................................................**

मेरे स्वंय के द्वारा प्रस्ताव आवेदन प्रपत्र की समस्त सामान्य शर्तो को अच्छी तरह से समझ लिया गया है एवं मै पेट्रोल/डीजल/ऑयल के अनुबंध के आधार पर विश्वविद्यालय की शर्तो के अनुसार प्रदाय करने की अपनी सहमति देता हूँ।

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर
नाम ..................................
सील ................................

नोटः– संलग्न किये गये प्रमाणपत्रों पर सत्यापन स्वरूप निविदाकर्ता के हस्ताक्षर एवं सील अनिवार्यतः अंकित किये जायें।

# जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

**पेट्रोल/डीजल/ऑयल की आपूर्ति हेतु कॉमर्शियल बिड**

**पार्ट–B (कॉमर्शियल बिड)**

**(इसे लिफाफा 02 में रखा जाये जिसके ऊपर कॉमर्शियल बिड लिखा हो)**

1. फर्म का नाम ..........................................................................................................
2. प्रोपराइटर ..........................................................................................................
3. फर्म का नाम ..........................................................................................................
4. दूरभाष क्रमांक ..........................................................................................................
5. विश्वविद्यालय से पेट्रोल पम्प की दूरी ................................................ कि.मी. (प्रस्ताव आवेदन प्रपत्र की तकनीकी जानकारी आवश्यक रूप से पढ़ी एवं भरी जावे।)

पेट्रोल/डीजल/ऑयल प्रदाय हेतु दरें

| क्र. | विवरण | दर अंको में | दर शब्दों में |
|---|---|---|---|
| 1 | पेट्रोल (प्रति लीटर) | | |
| | पेट्रोल पर प्रति लीटर दिये जाने वाले छूट का प्रतिशत | | |
| 2 | डीजल (प्रति लीटर) | | |
| | डीजल पर प्रति लीटर दिये जाने वाले छूट का प्रतिशत | | |
| 3 | ऑयल (प्रति लीटर) | | |
| | ऑयल पर प्रति लीटर दिये जाने वाले छूट का प्रतिशत | | |
| 4 | अन्य सुविधा जैसे वाहनों में निशुल्क हवा, निशुल्क वाहन धुलाई वर्ष में एक बार, नाइट्रोजन की सुविधा आदि का उल्लेख करना होगा। | | |

मेरे द्वारा आवेदन प्रपत्र की तकनीकी जानकारी अच्छी तरह से समझ लिया गया है एवं मै पेट्रोल/डीजल/ऑयल का अनुबंध के आधार पर विश्वविद्यालय की शर्तो के अनुसार उपरोक्त दरों पर प्रदाय करने की अपनी सहमति प्रदान करता हूँ।

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर

नाम ..................................

सील ..................................